प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा के वरिष्ट नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज बोकारो और गुमला में चुनावी सभाएं, रांची में करेंगे रोड शो।
2. एनडीए और इंडी गठबंधन के कई स्टार प्रचारकों की आज ताबड़तोड़ सभाएं।
3. पहले चरण के चुनाव के लिए कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर, 13 नवंबर को 43 सीटों पर होगा मतदान।
4. आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 1 अरब, 66 करोड़, 82 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी।
5. और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आप्त सचिव के ठिकानों पर देर रात तक आयकर की छापेमारी रही जारी, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज की जांच, मुख्यमंत्री ने लगाया संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप।

*****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार जोरों पर है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक और इंडिया दोनों गठबंधन के प्रमुख प्रचारक मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज झारखंड में बोकारो और गुमला जिले में दो रैली को संबोधित करेंगे तथा रांची में एक रोड शो में भाग लेंगे। श्री मोदी रांची में ओटीसी मैदान, पंडरा से रातू रोड के न्यू मार्केट चौक तक रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री की पहली सभा बोकारो जिले के चंदनकियारी में होगी। इसके बाद गुमला जिला मुख्यालय स्थित एरोड्रम मैदान में विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस सभा में प्रधानमंत्री गुमला, बिशुनपुर, सिसई, लोहरदगा, सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा के भाजपा उम्मीद्वारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची के रोड शो को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

*****************

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह–प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रांची में 3 किलोमीटर रोड शो करेंगे। उन्होंने ऐतिहासिक रोड शो होने का दावा किया।

*****************

एनडीए और इंडी गठबंधन के कई स्टार प्रचारकों की भी आज ताबड़तोड़ सभाए होंगी। भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान आज ईचागढ़, खरसावां, तमाड़ में चुनावी सभाएं करेंगें जबकि पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा की गढ़वा, चतरा और लातेहार में सभाएं होंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गढ़वा, पश्चिमी सिंहभूम और रामगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं राजद के स्टार प्रचारक और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का चतरा और पलामू में कई जगहों पर कार्यक्रम है। 13 नवंबर को पहले चरण की 43 सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार का शोर कल शाम थम जाएगा।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी गुमला जिले की, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में हर मतगणना केंद्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदान संपन्न कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। श्री कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 1 अरब, 66 करोड़, 82 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

*****************

लोहरदगा में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप कोषांग की ओर से नियमित रूप से कई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रांची में आईएमए भवन में डॉक्टरों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मोदी सरकार ने कई उपलब्धियां हासिल की है। अगले पांच वर्षों में देशभर में 75 हजार मेडिकल सीटें बढ़ायी जाएगी।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव के रांची सहित कई ठिकानों पर देर रात तक आयकर की छापेमारी जारी रही। आयकर विभाग कई महत्वपूर्ण दस्तावेज की जांच कर रहा है। आयकर की छापेमारी पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप लगाया है।

*****************

अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने पहले चरण के चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के धुआंधार प्रचार को अपनी सुर्खी बनाई है।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है–पीएम मोदी आज रातू रोड में करेंगे रोड शो।
हिन्दुस्तान ने लिखा है–केन्द्रीय गृहमंत्री ने पलामू, हजारीबाग और जमशेदपुर के पोटका में कीं चुनावी जनसभाएं।
प्रभात खबर ने लिखा है राहुल गांधी ने शनिवार को धनबाद और जमशेदपुर में की चुनावी सभा।
दैनिक जागरण ने लिखा है–हेमंत के आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव के 16 ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा।

********समाप्त*********